**जसवंत मा ॅडर्न सी० से० स्कूल**
**हिन्दी कार्यपत्रिका**
**कक्षा -7**
**सेट- अ**
**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
एक प्राचीन नगर में आदित्य नाम का एक किशोर रहता था। वह इतिहास और पुरानी सभ्यताओं के बारे में जानने में बहुत रुचि रखता था। एक दिन उसके विद्यालय के शिक्षक विद्यार्थियों को एक संग्रहालय ले गए, जहाँ प्राचीन सिक्के, शिलालेख और हथियार प्रदर्शित थे।
आदित्य विशेष रूप से एक टूटे हुए शिलालेख को देखकर बहुत उत्सुक हुआ। उसने ध्यानपूर्वक उसका अध्ययन किया और कुछ अक्षरों को पहचान लिया। उसने अपने शिक्षक को बताया कि यह शिलालेख किसी प्राचीन राजा के समय का हो सकता है। शिक्षक उसकी सूझ-बूझ से प्रभावित हुए।
बाद में आदित्य की जानकारी के आधार पर शोधकर्ताओं ने उस शिलालेख पर और अध्ययन किया, जिससे इतिहास से जुड़ी कुछ नई बातें सामने आईं। आदित्य को विद्यालय में विशेष सम्मान दिया गया।
(क) अति लघु उत्तर वाले प्रश्न:
1. विकास किस प्रकार के गांव में रहता था?
2. बच्चे पढ़ाई क्यों छोड़ देते थे?
3. गांव में कौन-कौन सी समस्याएं थी?

(ख) लघु उत्तर वाले प्रश्न:
4. विकास ने क्या योजना बनाई?
5. डिजिटल लर्निंग सेंटर कैसे शुरू किया गया?

**प्रश्न 2. अतिलघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
(क)बुद्धिमानों की मुख्य विशेषता क्या थी?
(ख)बुद्धिमान व्यक्ति कैसा होता है?
(ग)हमें दूसरों की बात क्यों सुननी चाहिए?
(घ)माँ बच्चे को किस प्रकार की कहानी सुनाती है?
(ड)“जल ही जीवन है” से क्या आशय है?
**प्रश्न 3. लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
(क)“तीन बुद्धिमान” पाठ में किन गुणों का महत्व बताया गया है?
(ख)बुद्धिमान व्यक्ति कठिन परिस्थितियों का सामना कैसे करता है?
(ग)कविता ‘ कह मां एक कहानी ‘ में माँ की बातों का बच्चे पर क्या प्रभाव पड़ता है?
(घ)हमें किसी भी समस्या का समाधान करने से पहले क्या करना चाहिए?
(ड)वर्षा जल हमारे लिए कैसे उपयोगी है?
**प्रश्न 4. रिक्त स्थान भरिए।**
(क) हमें किसी भी कार्य को करने से पहले __________ करना चाहिए।

(ख) माँ की बातें बच्चे को __________ देती हैं।
(ग) बुद्धि का सही उपयोग मनुष्य को __________ बनाता है।
(घ) पानी हमारे जीवन का __________ है।
(ड) जल प्रदूषण से मानव जीवन पर __________ प्रभाव पड़ता है।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।**
1. आखेटक
2. अवलोकन
3. संचित
4. जल-चक्र
5. दुर्लभ

**प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**
(क) किरन (ख) उन्नति (ग) खग (घ) तलवार (ङ) नदी

**प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**
(क) अनिवार्य (ख) निरर्थक (ग) स्वतंत्र (घ) सपूत (ङ) राजा

**प्रश्न 8. दिए गए शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए।**
(क) आशीर्वाद (ख) संचार (ग) मौलिक (घ) न्याय (ङ) लक्ष्य
**प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों की संधि विच्छेद कीजिए।**
(क) नरेंद्र (ख) महात्मा (ग) देवर्षि (घ) एकैक (ङ) अत्यधिक
**परियोजना कार्य (प्रश्न 10 से प्रश्न 12 तक)**
**प्रश्न 10. पत्र लेखन**
(क)आपके मित्र के बड़े भाई का 'मेडिकल कॉलेज' में प्रवेश हो गया है मित्र को तथा उसके बड़े भाई दोनों को बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए।
(ख)मोहल्ले में सफाई व्यवस्था सुधारने हेतु नगर पालिका को पत्र लिखिए।
**प्रश्न 11. अनुच्छेद लेखन**
'चाँद से धरती कैसी दिखती होगी?' इस विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।
**प्रश्न 12.परियोजना कार्य**
(क) 'तीन बुद्धिमान' से मिलने वाली शिक्षाओं के सुंदर संदेश कार्ड बनाइए।
(ख)घर और विद्यालय में पानी बचाने के नियमों की सूची बनाइए।

जसवंत मा ॅडर्न सी० से० स्कूल
हिन्दी कार्यपत्रिका
कक्षा -7
सेट- ब
प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
एक पर्वतीय क्षेत्र के गाँव में अनय नाम का एक छात्र रहता था। वह अत्यंत जिज्ञासु, परिश्रमी और प्रकृति प्रेमी था। उसके गाँव में अक्सर भूस्खलन की समस्या आती थी, जिससे रास्ते बंद हो जाते और लोगों का जीवन कठिन हो जाता था।
एक वर्ष वर्षा बहुत अधिक हुई। भूस्खलन के कारण गाँव का मुख्य मार्ग टूट गया और संपर्क व्यवस्था बाधित हो गई। अनय ने देखा कि लोगों को भोजन और दवाइयों की गंभीर कमी हो रही है। उसने गाँव के कुछ युवाओं के साथ मिलकर एक योजना बनाई। उन्होंने पुराने रास्तों की सफाई की और सुरक्षित मार्ग बनाने का प्रयास किया।
अनय ने अपने विज्ञान शिक्षक की मदद से वर्षा जल निकासी की एक छोटी व्यवस्था भी तैयार की, जिससे आगे की समस्या कम हो सके। धीरे-धीरे गाँव की स्थिति सुधरने लगी।
गाँव के लोग अनय के बुद्धिमान प्रयासों और नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करने लगे। प्रधान ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं।
(क) अति लघु उत्तर वाले प्रश्न:
अनय कहाँ रहता था?
गाँव में कौन-सी प्राकृतिक समस्या बार-बार आती थी?
अधिक वर्षा के कारण क्या समस्या उत्पन्न हुई?
(ख) लघु उत्तर वाले प्रश्न:
अनय ने किसके साथ मिलकर योजना बनाई?
अनय ने कौन-सा तकनीकी समाधान तैयार किया?
प्रश्न 2. अतिलघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(क) क्या केवल बल से हर कार्य संभव है?
(ख) बुद्धि का सही उपयोग क्यों आवश्यक है?
(ग) बच्चा कहानी सुनने के लिए क्यों उत्साहित है?
(घ) पानी हमारे जीवन के लिए क्यों आवश्यक है?
(ड) जल की कमी से क्या हो सकता है?
प्रश्न 3. लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(क) कहानी 'तीन बुद्धिमान'में बुद्धिमानों ने अपनी समझदारी का परिचय कैसे दिया?
(ख)केवल शक्ति की अपेक्षा बुद्धि को अधिक महत्वपूर्ण क्यों माना गया है?
(ग)पानी की कमी से लोगों को कौन-कौन सी कठिनाइयाँ हो सकती हैं?
(घ) कविता' मां, कह एक कहानी ' में माँ के प्रति कौन-से भाव प्रकट हुए हैं?
(ड) जल की कमी से कौन-कौन सी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं?
प्रश्न 4. रिक्त स्थान भरिए।
(क)सच्चा बुद्धिमान व्यक्ति कभी __________ नहीं करता।

(ख)जल संरक्षण करना प्रत्येक __________ का कर्तव्य है।
(ग)हमें पानी की __________ नहीं करनी चाहिए।
(ग)कविता ‘ मां, कह एक कहानी’ में माँ और बच्चे के बीच __________ का भाव दिखाई देता है।
(ड)माँ बच्चों को अच्छी __________ देती है।

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।
भक्षक
सटीक
रेवड़ो
मूल्यवान
संरक्षण
प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।
(क) रास्ता (ख) तरू (ग) समूह (घ) हिमालय (ङ) दुर्गा

प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।
(क) अर्थ (ख) क्रय (ग) संयोग (घ) कायर (ङ) आयात
प्रश्न 8. दिए गए शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए।
(क) त्रिलोक (ख) पाक्षिक (ग) निश्चित (घ) आश्रम (ङ) कामना
प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों की संधि विच्छेद कीजिए।
(क) कपीश (ख) सीमांत (ग) गुरूपदेश (घ) शुभेच्छा (ङ) मतैक्य

परियोजना कार्य (प्रश्न 10 से प्रश्न 12 तक)
प्रश्न 10. पत्र लेखन
(क) अपनी माता जी के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।
(ख) पेड़ पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिला अधिकारी को पत्र लिखिए।
प्रश्न 11. अनुच्छेद लेखन
‘एक दिन बिना इंटरनेट के’ इस विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए
प्रश्न 12. रचनात्मक कार्य
(क) ‘पानी रे पानी’ के आधार पर किसी किसान/ बुजुर्ग से पानी की समस्या पर बातचीत कर रिपोर्ट लिखिए।
(ख) ‘तीन बुद्धिमान’ के तीनों पत्रों की बुद्धिमानी की तुलना तालिका के रूप में कीजिए।